जर्जर सड़कों से पूरी तरह मुक्ति नहीं अतिक्रमण की समस्या से लोग त्रस्त

शपथ लिए हुए चार साल पूरे, लेकिन समस्याएं कायम लाचार साबित हुए कांग्रेसी पार्षद

लक्ष्मण सिंह राजपूत

कुसुम चतुर्वेदी

करिश्मा मारन

राजेश हिंगोरानी

अशोक मारन

ज्योति यादव

हिरदाराम नगर प्रतिनिधि। भोपाल नगर निगम के निर्वाचित पार्षदों का 6 अगस्त को शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ था। इस दौरान अगर पिछले चार साल के लेखे-जोखे पर नजर डाली जाए, तो पता चलता है कि चुनाव के वक्त चार भाजपा एवं दो कांग्रेसी उम्मीदवारों ने आम जनता के साथ जो वादे किए थे, उन्हें 50 प्रतिशत भी पूरा नहीं कर पाए हैं और वे आम जनता की अपेक्षा पर पूरी तरह से खरे नहीं उतरे हैं, क्योंकि आज भी यह भाजपा एवं व्यापारिक बाहुल्य इलाका अतिक्रमण, तंग गलियों में गंदगी के अंबार, अस्त-व्यस्त यातायात एवं मटमैले पानी की सप्लाई तथा अस्त-व्यस्त स्ट्रीट लाइट से जनता को जूझना पड़ रहा है। इस मामले में वार्ड एक एवं वार्ड 5 के कांग्रेसी पार्षद लाचार साबित हुए हैं और इन दोनों के वार्डों में समस्याओं का अंबार लगा है, वहीं केंद्र, प्रदेश एवं नगर निगम में भाजपा की सत्ता होने का भाजपा पार्षदों को खूब लाभ मिला। यहां बता दें कि गांधीनगर, लालघाटी एवं संत हिरदाराम नगर में कुल दो जोन हैं, जोन क्रमांक-एक जहां की जोन अध्यक्ष भाजपा की वार्ड 3 की पार्षद करिश्मा मारन एवं जोन 20 की अध्यक्ष भी महिला पार्षद वार्ड 6 की भाजपा पार्षद ज्योति यादव है। छह में से 4 पार्षद भाजपा के और केवल 2 ही पार्षद कांग्रेस के हैं। वैसे अगर इससे पूर्व की स्थिति पर एक नजर डाली जाए तो 6 में से 5 पार्षद भाजपा के थे ओर एकमात्र कांग्रेसी पार्षद जबकि 6 जुलाई 2022 को हुए चुनाव में वार्ड एक गांधीनगर से कांग्रेस ने भाजपा की सीट छीनी और उसके 6 में से पार्षदों की संख्या 2 हो गई।

विकास में भाजपा पार्षद आगे: अगर पिछले 4 साल में हुए विकास कार्यों पर नजर दौड़ाई जाए, तो पता चलता है कि इस मामले में भाजपा पार्षद कांग्रेस से कहीं आगे रहे हैं। विकास के सर्वाधिक काम वार्ड 6 की भाजपा पार्षद ज्योति यादव के वार्ड में हुए हैं, अगर केवल पार्षद कोटे एवं मुख्यालय निधि से हुए कार्यों की बात की जाए तो यहां सर्वाधिक 15 करोड़ के काम पिछले 4 साल में हुए हैं। चूंकि ज्योति यादव के पति जगदीश यादव भाजपा के पूर्व जिला महासचिव थे और उनके विधायक व महापौर से बेहतर संबंध हैं, इसका लाभ भी उनके वार्ड को मिला है। इस वार्ड में पंचवटी रोड, स्कूल आदि में काम मुख्य उपलब्धि हैं। इसी तरह विकास के मामले में दूसरे नंबर पर वार्ड 4 के भाजपा पार्षद एवं एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी हैं, जिन्होंने पिछले 4 साल में लगभग 10 करोड़ के काम करवाए हैं। उनके वार्ड के बेटा गांव में एक करोड़ से सीवेज एवं सीमेंट कांक्रीट के कार्य, 1.50 करोड़ की लागत से पंजाब नेशनल बैंक रोड का भूमि पूजन, निरंकारी मंडल एवं डॉ. सुरेश भंभानी क्लीनिक रोड का निर्माण, 12 से अधिक मंदिरों में शेड एवं बैंच पर 50 लाख की राशि खर्च की है, सीआरपी क्षेत्र, वर्षा स्वीट हाउस से शिव मंदिर तक सड़क व सीवेज का निर्माण उल्लेखनीय कामों में शामिल हैं जबकि 6 जगहों पर हाइ मास्क, गलियों का विकास आदि शामिल हैं। वे नगर निगम में विद्युत एवं परिवहन के एमआईसी सदस्य हैं। वार्ड 3 की भाजपा पार्षद करिश्मा मारन को भी सत्ता का लाभ मिला है। उनके पति विकास मारन भाजपा के भीतर काफी सक्रिय हैं, वैसे तो वार्ड 3 में काफी विकास के काम हुए हैं, लेकिन अगर केवल पार्षद व मुख्यालय निधि से देखा जाए तो इस वार्ड में पिछले 3 सालों में लगभग 5 करोड़ के विकास के काम हुए हैं, जिनमें वार्ड के भीतर 40 लाख की लागत से बना दो मंजिला सामुदायिक भवन मुख्य रूप से शामिल है। भाजपा की पार्षद रहते हुए भी अगर मनचाहे विकास के काम नहीं करवा पाई हैं, तो उनमें शामिल हैं, वार्ड 2 की पार्षद कुसुम चतुर्वेदी। जिनकी गिनती सीधी-सादी महिलाओं में होती है। वे बताती हैं कि उनके वार्ड में पिछले 3 साल में लगभग 2 करोड़ से विकास के काम हुए हैं, इसमें विधायक द्वारा करवाए गए कार्य शामिल नहीं हैं। वार्ड 5 जिसके पार्षद कांग्रेस के अशोक मारन हैं, जो पूर्व में वार्ड 3 से कांग्रेस के पार्षद थे, विकास के मामले में उन्हें भी अधिक सफलता नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि पिछले 3 साल में उन्होंने लगभग एक करोड़ के काम करवाए हैं, लेकिन मुख्यालय निधि से जो अपेक्षा थी, वही नहीं मिली।

संत नगर में समस्याओं का अंबार

भाजपा हो चाहे कांग्रेसी पार्षद संत हिरदाराम नगर व गांधीनगर में समस्याओं का अंबार है। अधिकांश सड़कें जर्जर हैं, सीवेज का गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है, अतिक्रमण के कारण बाजारों का बुरा हाल है। अनेक बाजारों से पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है, हालांकि पिछले 8 माह में हुई तीन जोन स्तर की बैठकों में अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश दिए गए पर उन्होंने अनसुनी कर दी और एक भी जगह से न तो ठेला हटा न ही दुकानों के आगे का सामान। स्ट्रीट लाइट भी संतोषजनक नहीं है, सीवेज सिस्टम भी जगह-जगह फेल है। लोगों को पीने के गंदे पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों के हालत अत्यंत ही दयनीय है तथा खासतौर पर वार्ड 4 एवं 5 की सड़कों पर इतने तो गड्ढे हैं कि दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। यातायात की समस्या दिन प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। अगर यह कहा जाए कि वर्तमान पार्षद आम जनता की अपेक्षाओं पर पूरी तरह से खरे नहीं उतरे हैं तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

पटवारी की सजगता से एसबीआई में 35 लाख का फर्जी लोन गबन होने से बचा

जागरण, औबेदुल्लागंज। हल्का पटवारी की सजगता एवं बैंक कर्मचारी की तत्परता से एसबीआई शाखा औबेदुल्लागंज में फर्जी दस्तावेजों के जरिए लिए 35 लाख के लोन को डूबने से बचा लिया गया। इस पूरे प्रकरण में दलालों द्वारा बैंकिंग प्रणाली को समझते हुए केवाईसी आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी में फेर बदलकर मध्य प्रदेश भू अभिलेख की वेबसाइट से सर्टिफाइड डिजिटल खसरा निकालकर बैंकिंग प्रणाली मे सेंध लगाते हुए 35 लाख रुपए की केसीसी बनवाने का मामला सामने आया है।

जानकारी अनुसार ग्राम राजपुरा निवासी स्व. तुलसी राम राय जिनकी मृत्यु 27 वर्ष पूर्व हो चुकी है, उनके नाम दर्ज जमीन पर दलालों के एक संगठित गिरोह द्वारा एक आदिवासी लड़के को भूमि स्वामी के रूप में बैंक में प्रस्तुत करते हुए जमीन के फर्जी दस्तावेज एवं फर्जी पैन कार्ड, आधार कार्ड प्रस्तुत करते हुए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में लोन अप्लाई किया गया था। इसमें हैरानी की बात यह है की फर्जी व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत सरकारी वेबसाइट एमपी भू अभिलेख आधार एवं पेन वेरीफिकेशन की सभी सीटों पर दिए गए दस्तावेजों का सत्यापन हुआ है। इसके बाद बैंक द्वारा लोन स्वीकृत किया गया, इसमें फर्जी व्यक्ति के नाम पर सभी दस्तावेजों का सत्यापन होना किसी बड़े संगठित गिरोह का जिले में फर्जीवाड़ा करते हुए करोड़ों रुपए दबाने की ओर इशारा करता है। यह एक अकेला मामला नहीं है संपूर्ण रायसेन जिले में इस प्रकार के दर्जनों मामले हैं जिनमें विभिन्न बैंकों का करोड़ों रुपया अभी तक एनपीए हो चुका है, ऐसे ही एक मामले में न्यायालय

अपर कलेक्टर जिला रायसेन द्वारा प्रकरण क्रमांक 33 वर्ष 249 25 में अपीलआर्थी मुन्ना लाल विश्वकर्मा मुंशीलाल विश्वकर्मा के पक्ष में निर्णय दिया गया था। इस प्रकरण में हल्का पटवारी की तत्परता से जब यह पता चला कि जिस व्यक्ति के आधार कार्ड एवं फोटो के आधार पर लोन किया गया है वह जमीन उसकी नहीं है, जिसकी सूचना पटवारी द्वारा जमीन के असली मालिक एवं बैंक को दी गई। इसकी जानकारी लगते ही बैंक मैनेजर एवं फील्ड ऑफिसर की तत्परता से जो लोन लेने वाले लोग थे, उनको संपर्क करके बैंक बुलाया गया। बैंक में उन्होंने जो पैसा खाते में ट्रांसफर किया गया था, उसको वापस बैंक के खाते में जमा कराया गया एवं बैंक मैनेजर और फील्ड ऑफिसर द्वारा थाना औबेदुल्लागंज को इस कथित फर्जी वाड़े के विषय में सूचित किया गया। अब इस मामले में पुलिस लगातार जांच कर रही है। बैंक कर्मचारियों द्वारा जमीन मालिक को भी पूर्णतः सहयोग करते हुए फर्जी दस्तावेज जो लोन लेने के लिए लगाए गए थे, उन सभी दस्तावेजों की एक-एक प्रति प्रदान की गई एवं बैंक ब्रांच द्वारा इस प्रकरण से संबंधित समस्त जानकारी मुख्य शाखा के जोनल ऑफिस को भी सूचित किया गया।

कहीं टक्कन टूटे तो कहीं लाइन फूटी, नहीं हो रहा सुधार

हिरदाराम नगर प्रतिनिधि। हालांकि अमृत योजना के अंतर्गत संत हिरदाराम नगर में भी सीवेज सिस्टम में आमूलचूल परिवर्तन का भरोसा दिलाया गया है, लेकिन यह काम कब तक शुरू होकर समाप्त होगा और आम जनता को सीवेज सिस्टम की वर्तमान समस्या से कब मुक्ति मिलेगी, कुछ कहा नहीं जा सकता। हाल ही में वार्ड 4 में 1.50 करोड़ से तीन मुख्य सड़कों निरंकारी मंडल रोड, पंजाब नेशनल बैंक रोड, डॉ. सुरेश भंभानी क्लीनिक रोड का काम चल रहा है, लेकिन निरंकारी मंडल रोड पर एक जगह सड़क निर्माण के दौरान सीवेज लाइन पर जेसीबी चल गई, जिसके बाद यहां लाइन फूटी है और सारा गंदा पानी सड़क पर फैल रहा है। इस मार्ग पर स्व. मामा गोविंदराम केवलानी के निवास के बाद सीवेज के बदबूदार पानी से रहवासियों का बुरा हाल है जब इस बावत अधिकारियों का ध्यान केंद्रित किया तब उनका कहना था कि चूंकि सड़क निर्माण से सीवेज लाइन फूटी है, ऐसे में मरम्मत संबंधित ठेकेदार ही करवाएगा।

चीफ इंजीनियर व साथी रिश्वत लेते गिरफ्तार

मुख्य संवाददाता, भोपाल। लोकायुक्त पुलिस की रीवा यूनिट ने पीडब्ल्यूडी के प्रभारी चीफ इंजीनियर और उसके साथी को 50,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। लोकायुक्त एसपी रीवा योगेश्वर शर्मा के अनुसार सोनू सिंह सतना में पीवीपी एलटीडी टेस्टिंग लैब में मैनेजर हैं और उनकी फर्म कंस्ट्रक्शन कार्यों की क्वालिटी जांचने का काम करती है। उनकी लैब को पीडब्ल्यूडी के रीवा डिविजन में काम दिलाने की एवज में चीफ इंजीनियर कैलाश कुमार लच्छे ने हर माह एक लाख रुपए रिश्वत की डिमांड की थी। सोनू सिंह की शिकायत के सत्यापन में साफ हुआ कि चीफ इंजीनियर लच्छे ने अपने सहयोगी धर्मवीर भारती के जरिए रिश्वत की डिमांड की थी। मंगलवार को जैसे ही सोनू सिंह ने रीवा के सिविल लाइन स्थित अटल पार्क के सामने चीफ इंजीनियर के सरकारी मकान में धर्मवीर भारती को 50,000 रुपये की रिश्वत दी, वैसे ही डीएसपी प्रवीण सिंह परिहार और इंस्पेक्टर संदीप सिंह भदौरिया की टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया।

नरेश तोलानी मुख्य सलाहकार और दादलानी फैसला बोर्ड के अध्यक्ष बने

पंचायत की नई नियुक्तियां

हिरदाराम नगर प्रतिनिधि। पूज्य सिंधी पंचायत की बैठक में सर्वसम्मति से नरेश तोलानी को फिर से मुख्य सलाहकार बनाया गया है। इसके अलावा हीरो ज्ञानंचदानी को संरक्षक एवं पूर्व महासचिव नंद दादलानी को फैसला बोर्ड संयोजक बनाया गया है। पंचायत अध्यक्ष माधु चादंवानी ने बताया कि पदाधिकारियों की बैठक में चुनाव अधिकारी बसंत चेलानी, धर्मेन्द्र मोटवानी, एलसी साधवानी, परषोत्तम टिलवानी व चुनाव अधिकारी चेलानी की टीम का आभार व्यक्त किया गया। जिन्होंने पंचायत के चुनाव निष्पक्ष संपन्न करवाए। चुनाव के बाद संरक्षक, मुख्य सलाहाकार, फैसला बोर्ड संयोजक व सलाहाकार मंडल कार्यकारिणी का गठन करते है। बैठक में इसके अलावा 14 अगस्त को कर्म श्री संस्था के नेतृत्व में निकलने वाली तिरंगा यात्रा का चंचल चौराहा पर भव्य स्वागत किया जाएगा व 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पंचायत कार्यालय में मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 9 बजे पंचायत कार्यालय में ध्वजारोहण होगा, बैठक में महासचिव राजकुमार वाधवानी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश रीझवानी, भरत आसवानी, गुलाब जेठानी, कोषाध्यक्ष राकेश शेवानी, सचिव हरीश मेहरचंदानी आदि उपस्थित थे।

पहली बार 15 अगस्त को निकलेगी तिरंगा यात्रा

हिरदाराम नगर प्रतिनिधि। एक और जहां कर्मश्री संस्था के बेनरतले विधायक रामेश्वर शर्मा 14 अगस्त को सुबह कोलार से संत हिरदाराम नगर तक देश की सबसे बड़ी तिरंगा वाहन रैली निकालने की जोरदार तैयारियों में जुटे हैं, वहीं चैटीचंड एवं झूलेलाल चालीहा पर धार्मिक कार्यक्रमों की धूम मचाने वाली झूलेलाल कल्याण मंडलम सेवा समिति ने पहली बार स्वतंत्रता दिवस पर विशाल तिरंगा रैली निकालने का निर्णय लिया है। मंडलम सेवा समिति के प्रभारी एवं हाल ही में पूज्य सिंधी पंचायत चुनाव में महासचिव चुने गए राजकुमार वाधवानी एवं नेहरू पार्क स्थित झूलेलाल मंदिर के उप प्रभारी रामकुमार पारदासानी ने बताया कि तिरंगा यात्रा मंदिर परिसर से सुबह 9 बजे प्रारंभ होगी और उपनगर के विभिन्न मार्गों की परिक्रमा करते हुए आम जनता को देशभक्ति का संदेश देते हुए एक घंटे के बाद वापस मंदिर परिसर पर समाप्त होगी। यहां बता दें कि भगवान झूलेलाल जयंती चैटीचंड पर झूलेलाल कल्याण मंडलम सेवा समिति द्वारा मुख्य जुलूस में आकर्षक झांकी के साथ विशाल यात्रा में शामिल होती है, जिसकी चर्चा दूर-दूर तक सुनने को मिलती है।

झूलेलाल कल्याण मंडलम सेवा समिति ने शुरू की तैयारी

निहारिका ने जीता स्वर्ण पदक

हिरदाराम नगर प्रतिनिधि। 20वें ऑल इंडिया इंडीपेंडेंस कराते चैम्पियनशिप 2026 जिसका आयोजन नई दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में हुआ में लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ हायर सेकंडरी स्कूल की छात्रा निहारका नागर ने स्वर्ण पदक जीतकर न केवल स्कूल बल्कि समूचे गांधीनगर का नाम रोशन किया है। वहीं कनक मंडलोई और खुशी मारन ने भी कांस्य पदक प्राप्त किया है। स्कूल के प्रशासकीय अधिकारी योगेश हिंगोरानी ने बताया कि इस स्कूल ने न केवल शिक्षा बल्कि खेलों के क्षेत्र में भी नए आयाम स्थापित किए हैं। छात्रा निहारिका नागर ने 20 वां ऑल इंडिया इंडीपेंडेंस कराते चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की कोच भावना यादव के कुशल मार्गदर्शन में निहारिका ने नई दिल्ली में हुए 6 से 10 अगस्त तक चले नेशनल टूर्नामेंट में अलग-अलग राज्यों से आए खिलाड़ियों इसमें आर्मी व पुलिस विभाग से आए प्रतिस्पर्धी खिलाड़ियों को पछाड़ कर गोल्ड मेडल हासिल किया।

कनक और खुशी को कांस्य पदक

SUDOKU 71

6		8				9	7	
				4				
2	9	1	8				4	
4		3						
	5		7	1	3		8	
						3		5
	2				7	4	3	6
				5				
	7	4				2		1

SOLUTIONS 70

5	8	1	9	4	6	3	2	7
9	6	2	5	7	3	1	4	8
7	4	3	2	1	8	5	9	6
3	5	4	6	8	9	2	7	1
8	1	9	7	5	2	4	6	3
2	7	6	4	3	1	8	5	9
1	2	7	3	9	4	6	8	5
4	3	5	8	6	7	9	1	2
6	9	8	1	2	5	7	3	4

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

राशिफल

मेष : आज का दिन मिला-जुला परिणाम देने वाला रहेगा। काम का दबाव थोड़ा अधिक महसूस हो सकता है। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों में थोड़ी देरी या रुकावट आ सकती है।

वृषभ : आज धैर्य, संयम और समझदारी आपकी सबसे बड़ी ताकत साबित होगी। अपने काम पर पूरा ध्यान देंगे तो अच्छे परिणाम मिलेंगे।

मिथुन : पुराने निवेशों से अच्छा रिटर्न मिलेगा। कड़ी मेहनत का फल मिलेगा। परिवार का साथ मिलेगा। खर्चों की अधिकता रहेगी।

कर्क : आज नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन काफी अनुकूल रहने वाला है। आत्मविश्वास बढ़ेगा और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपके संबंध पहले से बेहतर होंगे।

सिंह : आज कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी और नई योजनाएं सकारात्मक परिणाम देंगी। अविवाहित लोगों के जीवन में किसी खास व्यक्ति की एंट्री होने की संभावना है।

कन्या : आज काम के प्रति लापरवाही बिल्कुल न करें। यदि पूरा ध्यान अपने दायित्वों पर लगाएंगे तो सभी कार्य समय पर पूरे होंगे।

तुला : आज उन्नति के नए अवसर आपका इंतजार कर रहे हैं। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी रखें और किसी दूसरे का वाहन चलाने से बचें।

वृश्चिक : आज का दिन राहत और उपलब्धियों का एहसास कराएगा। कार्यक्षेत्र में किसी मुश्किल काम को पूरा करने के लिए आपको अपनी टीम या जूनियर्स का सहयोग मिलेगा और अंत में सफलता भी आपके हाथ लगेगी। संतान की संगति और गतिविधियों पर थोड़ा ध्यान देना जरूरी होगा। अनावश्यक खर्चों में कटौती करके आप अपनी आर्थिक स्थिति को और मजबूत बना सकते हैं। लंबे समय से रुका हुआ कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होने से मन को सुकून मिलेगा। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं।

धनु : आज नई जिम्मेदारियां आपके सामने आएंगी। दिनभर की भागदौड़ आपको थोड़ा थका सकती है, धीरे-धीरे तनाव कम होता जाएगा।

मकर : आज हर कदम सोच-समझकर उठाने की जरूरत होगी। कानूनी मामलों में कुछ अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन धैर्य और सही रणनीति से आप स्थिति को संभाल लेंगे।

आज का पंचांग : 12 अगस्त बुधवार 2026। **दिशाशूल :** उत्तर दिशा में रहेगा। **पर्व एवं त्योहार :** हरियाली अमावस्या, स्नानदान की अमावस्या। विक्रम संवत 2083, शके 1948, दक्षिणायण, उत्तरगोल, वर्षा ऋतु, श्रावण मास कृष्ण पक्ष की अमावस्या 23 घंटे 07 मिनट तक तत्पश्चात प्रतिपदा, पुष्य नक्षत्र 08 घंटे तक तत्पश्चात अश्लेषा नक्षत्र, व्यतिपात योग 15 घंटे 26 मिनट तत्पश्चात वरियान योग, कर्क में चंद्रमा।

बेदखली की सूचना

मैं प्रकाश नरवारे पिता स्व. श्री रामबाबू नरवारे आयु वयस्क, निवासी-अली मंजिल, बाबेअली ग्राउंड, गोलघर के सामने, भोपाल म.प्र. (आ.नं. - 5515 7356 0855)। यह कि मुझ प्रकाश नरवारे की चल व अचल सम्पत्ति भोपाल में है उक्त सम्पत्ति से मैं आकाश नरवारे, प्रशांत नरवारे, अभिषेक नरवारे, राधिका नरवारे एवं सरोज नरवारे को आज दिनांक-08/08/2026 से बेदखल करता हूं। आज दिनांक से मुझ प्रार्थी की चल, अचल सम्पत्ति पर इन लोगों का किसी प्रकार से कोई हक व हिस्सा नहीं रहेगा। प्रार्थी की सम्पत्ति पर यदि आने वाले समय में यह लोग अपना हिस्सा या हक जताते है तो उसे शून्य व अमान्य माना जावे। यह कि भविष्य में उक्त बावत किसी प्रकार की कोई बात सामने आती है तो उसकी संपूर्ण जबावदारी मेरी स्वयं की होगी।

कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी
जी. एन. एस. मॉडल टाउन रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल
(पंजीयन क्रमांक/ए. आर. बी. /1111, दिनांक 02.02.2016)
क्रमांक/निर्वा.अधि./2026/03 दिनांक : 11.08.2026

सूचना

संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन साधारण सम्मेलन/विशेष साधारण सम्मेलन में सम्पन्न होना है।

अतः संस्था की सदस्यता सूची का प्रकाशन संस्था के नोटिस बोर्ड, **उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय, भोपाल,** विकासखण्ड फंदा, बैंक ऑफ इंडिया शाखा चूनाभट्टी, भोपाल के सूचना पटल पर दिनांक 11/08/2026 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 11/08/2026 से 18/08/2026 तक कार्यालयीन दिवस में मुझे कार्यालय- **उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय, भोपाल** में कार्यालयीन समय में दोपहर 12 से 02 बजे तक सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं तथा प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण कार्यालय **उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ, डी-ब्लॉक, पुराना सचिवालय, भोपाल** में दिनांक 19/08/ 2026 को दोपहर 12.00 बजे से किया जायेगा। सूचना संस्था के समस्त सदस्यों को स्पीड पोस्ट/साधारण डाक द्वारा पृथक से प्रेषित की गई है।

(कल्पना सोलंकी)
रजिस्ट्रीकरण अधिकारी
जी. एन. एस. मॉडल टाउन रहवासी
रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल

-: आम-सूचना :-

मैं अपने पक्षकार PNB HOUSING FINANCE LIMITED द्वारा शाखा प्रबंधक की ओर से सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि संपत्ति जो कि (2 ares 76.2951 Sq.mtr. comprised in, Dg Sy No.8, Dg Sy Block No. 33, Re Sy. No. 713/13-2-2, Block No.25, Old Sy. No. 2903 of Eravipuram Village. Kollam Taluk, Kollam District) में स्थित है। यह कि उक्त सम्पत्ति को Mr. Neil John वर्तमान निवासी 1/38, छत्रसाल नगर, फेस-02, नरेला शंकरी भोपाल (मध्य प्रदेश) द्वारा विक्रय किया जा रहा है जिसे क्रय करने हेतु क्रेता पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति को बंधकर रखकर मेरे पक्षकार PNB HOUSING FINANCE LIMITED के समक्ष ऋण प्राप्त करने का प्रस्ताव रखा हैं। यह कि उक्त सम्पत्ति को Mr. Neil John के पिता Late Mr. Vincent John द्वारा क्रय किया गया था जिनके स्वर्गवास दिनांक 26.09.2024 को हो जाने के पश्चात् उक्त सम्पत्ति का विधिवत् नामंतरण Mr. Neil John द्वारा अपने पक्ष में करा लिया गया है। मेरी पक्षकार कंपनी उक्त सम्पत्ति को बंधक रखकर ऋण प्रदान करने जा रही है यदि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी भी व्यक्ति, (परिवार के अन्य सदस्य अथवा वारिस) संस्था, बैंक, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय निकाय का स्वत्व, आधिपत्य, हित, ऋण, बंधक (सम्यक), भार अथवा अन्य किसी भी प्रकार का विवाद हो तो, वह अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेजों के साथ इस सूचना पत्र प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि के अन्दर मुझे, मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उपरोक्त समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा, स्वत्व या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी और मेरी पक्षकार कंपनी उपरोक्त सम्पत्ति पर उपरोक्त पक्षकार को ऋण प्रदान कर सकेगी।

मनोज राठौर एडवोकेट
एस एफ-06, प्रथम तल, विजय स्तम्भ
एम.पी.नगर. जोन-01, भोपाल
मो.- 9826847153

जाहिर सूचना

व्यवसायिक भूखण्ड क्रमांक 12/1-ए ग्राम पलासी, तहसील हुजूर जिला भोपाल के संबंध में

मेरे पक्षकार ने (1) मोहम्मद हनीफ पिता बाबू खां निवासी मकान नम्बर 43, सी-सेक्टर, गली नम्बर 04, बाग उमराव दुल्हा कॉलोनी, भोपाल, मध्यप्रदेश। (2) मोहम्मद इकबाल पिता अब्दुल अज़ीज कुरैशी निवासी मकान नम्बर 31, गली नम्बर 4, गंगोर बावड़ी, काज़ी केम्प, भोपाल, मध्यप्रदेश के मालिकी, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक किता व्यवसायिक भूखण्ड क्रमांक 12/1-ए. जो कि ग्राम पलासी, तहसील हुजूर, नगर निगम वार्ड नम्बर 75, भोपाल में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 2295 वर्गफिट है जो कि मूल भूखण्ड क्रमांक 12/1 का अंश भाग है व उक्त भूखण्ड भूमि खसरा क्रमांक 12 का अंश भाग है व जिसकी चतुर्थ सीमायें इस प्रकार है:- पूरब में-पूर्व विक्रेता की भूमि, पश्चिम में - रास्ता, उत्तर में - जावेद का मकान एवं दक्षिण में - प्लाट क्रमांक 12/1-बी है, को उनके अनुबंधकर्ता (1) श्री जाहिद खान पिता वारिस खान निवासी मकान नम्बर 20, मेन रोड, बाग फरहत अफ़ज़ा, गोविन्दपुरा, तहसील हुजूर जिला भोपाल। (2) अब्दुल नईम अंसारी पुत्र श्री अब्दुल हकीम निवासी मकान नम्बर 20, मेन रोड, बाग फरहत अफ़ज़ा, गोविन्दपुरा, तहसील हुजूर जिला भोपाल। (3) गुड्डू खां पुत्र सईद खान निवासी मकान नम्बर 143, नवीन नगर, ऐशबाग, तहसील हुजूर जिला भोपाल, को क्रय करने का निश्चय किया गया है व इस सम्पत्ति के विक्रय, हस्तांतरण इत्यादि में किसी भी व्यक्ति, फर्म, भागीदार, बैंक, सोसायटी, शासकीय निगम, संस्थान, विभाग, इत्यादि को कोई भी आपत्ति हो तो वह मेरे कार्यालय में 07 दिवस में उपस्थित होकर लिखित रूप में सम्पूर्ण दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करे, समयावधि पश्चात् किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी व मेरा पक्षकार उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र निष्पादन हेतु स्वतंत्र रहेगा।

नवेद राजा खान अधिवक्ता
कार्या.: 29, एकता कॉलोनी, कासिम कैम्प, भोपाल
मो.नं.-8602219502

-: जाहिर सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री संतोष राजवंश आ. श्री छोटेराम आयु वयस्क निवासी-71, रातीबड़ रोड, कलखेड़ा भोपाल हुजूर म.प्र. के द्वारा विक्रेता श्रीमती नम्रता सिंह पत्नी श्री शिवजी सिंह आयु-वयस्क निवासी-बी-17-18, सौभाग्य नगर, सुभाष कॉलोनी, सेमरा कलां भोपाल म.प्र. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 36 जिसका रजिस्ट्री अनुसार खसरा न. 105/1 एवं वर्तमान खसरा क्र. 105/1/1/1/1/1(S) का अंश भाग रकबा 800 वर्गफिट अर्थात 74.34 वर्गफिट है। जो "पारस वाटिका" नीलबढ़ प.ह.न. 33 रा.नि.म. 03, विकास खण्ड फंदा, तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार ने विक्रेता को टोकन/बयाना राशि अदा कर दी गई है इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक व अन्य को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कहीं अन्य दान हिबा, हस्तांतरण आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजों के साथ लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा समयावधि पश्चात मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि को क्रय करने के संबंध में विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित कर शेष राशि का भुगतान विक्रेता को अदा कर विक्रय पंजीयन पत्र निष्पादित करवा लेगा और ऐसे स्थिति में कोई की आपति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं मानी होगी।

भवदीय
रिंकू मारण अधिवक्ता
कार्या./निवास-बरखेड़ी कलां भदभदा रोड, भोपाल
मो.- 9098665905, 8269608345

यूको बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) UCO BANK (A Govt. of